<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा त्रिवेन्द्रम हवाईअड्डे पर "प्रबंधन टूल के रुप में सतर्कता" विषय पर कार्यशाला का आयोजन

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर, 2016: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर, 2016 को त्रिवेन्द्रम हवाईअड्डे पर **"प्रबंधन टूल के रुप में सतर्कता"**विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। त्रिवेन्द्रम, तूतीकोरन, मदुरै एवं कोचीन हवाईअड्डों के लगभग 60 कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सामान्य मुद्दों के अलावा कार्यशाला में सतर्कता एवं अनुशासनिक मामलों के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई। श्री जैकब पुनूस, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, केरल (आईपीएस:1975) ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रमुख वक्ताओं में से श्री विजय मेनन, सुविख्यात उद्योग मानव संसाधन प्रशिक्षक एवं प्रेरक वक्ता ने "मानव श्रेष्ठता का इष्टतम उपयोग करना" विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दौरान हुई प्रस्तुतियों में ई-टेंडरिंग एवं सतर्कता संबंधी मामलों पर हुए अध्ययन का सीधा डेमो भी शामिल रहा। इन विषयों पर सूचना-प्रौद्योगिकी एवं सतर्कता निदेशालय के अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। श्री यतेन्द्र कुमार आई.ए.एस., मुख्य सतर्कता अधिकारी, भाविप्रा ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। साथ ही सतर्कता के निरोधात्मक पहलुओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई और विचार-विमर्श किया गया। ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन निरोधात्मक सतर्कता के अंश के रुप में नियमित अंतराल पर किया जाता है।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क)9811521881, 011-24622787,

सं. 39/2016-17

श्री जैकब पुनूस, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, केरल (आईपीएसः 1975) त्रिवेन्द्रम हवाईअड्डे पर दिनांक 29 से 30 सितम्बर, 2016 तक “प्रबंधन टूल के रुप में सतर्कता” विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हूए।